आईआईएम के छात्र पढ़ाई के साथ कर रहे बीमार जानवरों की देखभाल

रायपुर | DB Star

बेजुबान जानवरों की मदद करने आईएमएम ने बीड़ा उठाया है। प्राध्यापकों और छात्रों की मदद से जीवाश्रय नाम की कमेटी बनाई है, जो अब बेजुबान कुत्तों व बिल्लियों का सहारा बन चुकी हैं। छात्र ने बताया कि कमेटी को बने 4 महीने से अधिक हो चुके हैं। पहले कॉलेज के कुछ स्टूडेंट्स मिलकर जख्मी व भूखे जानवरों की मदद करते थे। अब आईआईएम भी कमेटी को कुछ राशि सहयोग कर रहा है। कमेटी मैनेजमेंट के छात्रों के साथ प्रोफेसर जुडकर अपना सहयोग दे रहे हैं।

बेजुबानों को आउटर में छोड़ जाते हैं लोग

कॉलेज के स्टूडेंट्स का कहना हैं कि शहर से कुछ लोग आउटर में कुत्तों को छोड़ देते हैं, जिसके बाद उन्हें यहां खाना नहीं मिल पाता है।

डॉक्टर की सलाह से करते हैं देखभाल

आईआईएम से कमेटी को कुछ राशि मिलने के बाद अब अस्थायी शेल्टर बनाने की योजना है। जहां बीमार व जख्मी जानवरों की देखभाल की जा सकें। स्टूडेंट्स आपसी सहयोग व डोनेशन की राशि से बेजुबानों के लिए भोजन की व्यवस्था करते हैं। इसके अलावा जख्मी को चुके कुत्तों को डॉक्टर की सलाह लेकर दवाई दी जाती हैं।

Danik Bhaskar, 24th April, 2023. P. 01(DB Star)